# नई ट्रेन 06 अगस्त से रीवा-हडपसर (पुणे) और 07 अगस्त से हडपसर (पुणे) से रीवा एक्सप्रेस की नियमित सेवाएं प्रारम्भ

## पश्चिम मध्य रेल के सतना, मैहर, कटनी एवं जबलपुर स्टेशनों पर ठहराव

जबलपुर 04 अगस्त। रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 20152/20151 रीवा-हडपसर (पुणे)-रीवा सप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस के मध्य एक नई ट्रेन सेवा की शुरुआत की गई है। इस नई ट्रेन का नियमित संचालन प्रत्येक बुधवार को 06 अगस्त 2025 से रीवा स्टेशन और प्रत्येक गुरुवार को 07 अगस्त 2025 से पुणे स्टेशन से प्रारम्भ होगी। यह नई ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के सतना, मैहर, कटनी एवं जबलपुर स्टेशनों से होकर गंतब्य को जाएगी, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है :-

**गाड़ी संख्या 20152 रीवा-हडपसर (पुणे) सप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 06 अगस्त 2025 से प्रत्येक बुधवार** अपने प्रारम्भिक स्टेशन रीवा से सुबह 06:45 बजे रवाना होकर, सतना 07:35 बजे, मैहर 08:06 बजे, कटनी 08:50 बजे, जबलपुर 10:10 बजे, नैनपुर दोपहर 12:43 बजे, बालाघाट 14:08 बजे, गोंदिया 15:50 बजे, नागपुर सायं 18:20 बजे, वर्धा 19:42 बजे, बडनेरा 21:37 बजे, अकोला रात 22:37 बजे पहुँचकर अगले दिन भुसावल मध्य रात्रि 00:40 बजे, जलगांव 01:10 बजे, मनमाड 03:15 बजे, कोपरगाँव 04:27 बजे, अहमदनगर 06:37 बजे, दौड़ कॉर्ड लाइन 08:08 बजे, पहुँचकर और सुबह 09:45 बजे हडपसर (पुणे) पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 20151 हडपसर (पुणे)-रीवा सप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 07 अगस्त 2025 से प्रत्येक गुरुवार** अपने प्रारम्भिक स्टेशन हडपसर (पुणे) से दोपहर 15:15 बजे रवाना होकर, दौड़ कॉर्ड लाइन 16:13 बजे, अहमदनगर सायं 17:17 बजे, कोपरगाँव 18:57 बजे, मनमाड रात 20:20 बजे, जलगांव 22:00 बजे, भुसावल 22:40 बजे, पहुँचकर अगले दिन अकोला मध्यरात्रि 00:45 बजे, बडनेरा 02:00 बजे, वर्धा 03:18 बजे,  नागपुर 05:25 बजे, गोंदिया सुबह 07:50 बजे, बालाघाट 08:36 बजे, नैनपुर 10:20 बजे, जबलपुर दोपहर 13:10 बजे, कटनी 14:25 बजे, मैहर 15:13 बजे, सतना 15:50 बजे पहुँचकर और सायं 17:30 बजे रीवा पहुंचेगी।

**ठहराव :-** सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बडनेरा, अकोला, भुसावल, जलगांव, मनमाड, कोपरगाँव, अहमदनगर एवं दौड़ कॉर्ड लाइन।

**कोच संरचना :-** इस ट्रेन में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी, 06 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 1 एसएलआरडी, 1 जनरेटरकार के कोच सहित कुल 20 कोच होंगे।

यात्रियों से अनुरोध है कि वे नई ट्रेन की सेवाओं का लाभ उठाएँ।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/272/2025 दिनांक 04.08.2025

सम्माननीय संपादक,  कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर